महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

प.सं. 25-1/2026 (प्र./वि.)/मसारावेविप्र / दिनांक: 13.04.2026

अधिसूचना - 1981

विषय : वेदपाठशालाओं में सेवारत वेदाध्यापकों के निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम (CPD) / रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में अनिवार्य भाग लेने के संबंध में।

(अ) **निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम** / CPD (Continuous Professional Development)
29 जुलाई 2020 से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) लागू की गई है। प्रतिष्ठान के अधीन कक्षा छटी से लेकर 12वीं तक के छात्र वेद एवं आधुनिक विषयों का अध्ययन करते हैं, वोर्ड का समकक्ष प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं। तिष्ठानन केवल अनुदान वितरण करनेवाली संस्था है, बल्कि प्रतिष्ठान वेद संबद्ध शैक्षिक संस्थान भी होने के कारण वेदपाठशालाओं/गुरुशिष्य परंपरा इकाइयों के प्रत्येक अध्यापक को भी 50 घंटे का निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम / CPD (Continuous Professional Development) में भाग लेना अनिवार्य है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार आवश्यक है। सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति होने का कारण यह नीति सभी अध्यापकों (पुराने, नये, वेद के, आधुनिक विषय के सभी अध्यापक) पर लागू है। सब को भाग लेना अनिवार्य भी रहेगा, किसी को भी किसी भी परिस्थिति में छूट नहीं है।

(आ) **रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम**
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों में कार्यरत वेद एवं आधुनिक विषय अध्यापकों के मानदेय एवं छात्रों की छात्रवृत्ति में वृद्धि की गई है जिसे दिनांक 1.4.2023 से लागू किया गया है। प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं में कई वेदाध्यापक विगत कई वर्षों से सेवारत हैं परन्तु प्रतिष्ठान द्वारा विगत वर्षों में आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम / प्रशिक्षण कार्यकम में सम्मिलित नहीं हुए हैं। 05 वर्ष पूर्ण होने पर एक तथा 10 वर्ष पूर्ण होने पर दो पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लेना आवश्यक है । अतः सभी वेदपाठशालाओं/गुरुशिष्य परंपरा इकाइयों के अध्यापकों को सूचित किया जाता है कि 5 वर्ष एवं 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके वेदाध्यापकों को मानदेय वृद्धि का लाभ लेने के लिए प्रतिष्ठान द्वारा दिनांक 01.05.2026 से 15.05.2026 तक कुल 15 दिवसों का रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रतिष्ठान परिसर, उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन वेद स्वाध्याय, वेद विषय पर व्याख्यान, वेद शाखाओं का पारायण, आवश्यक आधुनिक विषयों पर अध्ययन, शैक्षिक नवाचार, वेद विद्यालय प्रबन्धन चिन्तन आदि रहेगा साथ ही विभिन्न अन्य विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम / रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र प्रतिष्ठान की बेबसाइट www.msrvvp.ac.in पर उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले वेदाध्यापक अपने आवेदन पत्र दिनांक 23.04.2026 तक भरकर प्रतिष्ठान के ई-मेल msrvvpujn@gmail.com पर प्रेषित करें । आवेदन पत्र को समयावधि में भरने की पूर्ण जिम्मेदारी वेदाध्यापकों की रहेगी।

यह सूचित किया जाता है कि (अ) अथवा (आ) पाठ्यक्रम अनिवार्य है। निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम / रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में सम्मिलित (प्रतिभागी अथवा वरिष्ठ होने पर मार्गदर्शन एवं अध्यापन हेतु) नहीं होने पर 2026-27 के मानदेय से दूर किया जा सकता है।

13.4.2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि:

1. श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन । अत्यन्त सुचारु रूप से शीघ्रता से **निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम (CPD) / रिफ्रेशर कोर्स / पुनश्चर्या पाठ्यक्रम यह कार्यक्रम किया जाना है।**
2. डॉ. अनूप कुमार मिश्र, सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं । आवेदन पत्र प्रेषित करने की अंतिम तिथि 23-04-2026 है । यह आवेदन msrvvpujn@gmail.com पर भी प्रेषित किए जा सकते हैं ।

वेद एवं शाखा : ______________________

अध्ययन : संहिता ☐ पद ☐ क्रम ☐ घन ☐

गुरुशिष्य परंपरा योजना ☐ पाठशाला योजना ☐ (उपर्युक्त बॉक्स में () चिह्नित करें)

वैदिक का नाम : ______________________

माता का नाम : ______________________

पिता का नाम : ______________________

जन्म तिथि : अंकों में [/ /] शब्दों में ______________________

जन्म स्थान : ______________________

स्थायी पता : ______________________

____

पत्र व्यवहार का पता : ______________________

____

दूरभाष/मोबाईल नं. : ______________________

ई-मेल का पता : ______________________

प्रतिष्ठान से संबद्धता तिथि : ______________________

अध्यापक के हस्ताक्षर